कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.04.2025

विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित 01 नफ़र अभियुक्त व 01 नफ़र अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-246/2025 धारा 85,80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना चौबेपुर वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त 01. विनोद पुत्र स्व0 कांता राम निवासी ग्राम उकथी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी तथा 01 नफ़र अभियुक्ता को दबिश देकर आज दिनांक-18.04.2025 को समय करीब 09.50 बजे ग्राम उकथी थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 17.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी पुत्री से अतिरिक्त दहेज की माँग करते हुए ससुरालजन द्वारा उसको प्रताड़ित करने व दहेज की माँग पूरी न होने के कारण वादी की पुत्री की हत्या कर देने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-246/2025 धारा 85,80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-

1. विनोद पुत्र स्व0 कांता राम निवासी ग्राम उकथी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।
2. मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्ता, उम्र करीब 72 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-

दिनांक-18.04.2025 को समय करीब 09.50 बजे, ग्राम उकथी थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-246/2025 धारा 85,80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना चौबेपुर वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 कुवर दिलीप सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 बृजभूषण थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0का0 प्रियंका थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी